19.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ए.आई. भविष्य के निर्माण पर ज़ोर दिया।

○ राजस्थान सहित 17 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में ''वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–टू'' कल से शुरू हो रहा है।

○ प्रदेश में आरटीई के तहत अगले शैक्षणिक सत्र के लिए प्राइवेट स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया कल से।

○ वायु सेना की सूर्यकिरण और सारंग एरोबैटिक टीमों का पहला शो कल जयपुर के जलमहल की पाल पर।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवाचार को बढ़ावा देने के साथ एआई भविष्य के निर्माण पर जोर दिया है। आज दोपहर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में नेताओं के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब प्रौद्योगिकी और मानवीय विश्वास साथ–साथ चलेंगे, तभी एआई का वास्तविक प्रभाव विश्व पर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि एआई के संबंध में भारत की दिशा और दृष्टिकोण स्पष्ट है और एआई पूरी मानवता के लाभ के लिए एक साझा संसाधन है।

000

राजस्थान सहित 17 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में ''वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम–टू'' कल से शुरू हो रहा है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह असम के कछार जिले से इसका शुभारंभ करेंगे। 6 हजार 839 करोड़ रुपये के बजट वाली इस योजना का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आवश्यक सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। योजना के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जाएगा। साथ ही, स्थानीय निवासियों को सुरक्षा की दृष्टि से सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। यह योजना वित्त वर्ष 2028–29 तक संचालित होगी।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह ने आज विधानसभा में कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जांच और उपचार सुविधाओं की कमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने प्रश्नकाल में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के तहत जिला और सैटेलाइट अस्पतालों में 56, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 37 और प्राथमिक केंद्रों में 15 प्रकार की जांचें निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसी तरह, दवा योजना के अंतर्गत सैटेलाइट अस्पतालों में 1097 और सामुदायिक केंद्रों में 771 प्रकार की दवाएं दी जा रही हैं। मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 2065 केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के 42 दिन बाद तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं।

000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सरकार की जीरो टोलरेंस की नीति है और जो भी लोकसेवक भ्रष्टाचार करेगा उसे बख्शा नहीं जायेगा। आज विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत में श्री बेढम ने कहा कि भजनलाल सरकार लगातार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर दागी लोकसेवकों को बचाने का आरोप लगाया।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मुफ्त योजनाओं की संस्कृति से देश के आर्थिक विकास में बाधा आ रही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचौली की पीठ ने कहा कि देश के अधिकांश राज्य राजस्व घाटे में हैं, फिर भी विकास की अनदेखी करते हुए वे इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। न्यायालय ने तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि राज्यों को मुफ्त भोजन, साइकिल और बिजली देने के बजाय रोजगार सृजन पर काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह से मुफ्त की योजनाएं शुरू करने से कोई भी व्यक्ति काम नहीं करना चाहेगा।

000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर उन स्वयंसेवी संस्थाओं की पहचान करने को कहा है, जो आयोग के नाम का गलत इस्तेमाल कर जनता को गुमराह कर रही हैं। आयोग के अनुसार, कुछ संस्थाएं गलत क्रेडेंशियल और पदों का उपयोग कर रही हैं, जिससे सार्वजनिक धन के दुरुपयोग की आशंका है। आयोग ने अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर कानूनी कार्रवाई करने और नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं का पंजीकरण रद्द करने को कहा है।

000

शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश के लिए राज्य सरकार की ओर से विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू होगी, जो 4 मार्च तक जारी रहेगी। इसमें अभिभावक निर्धारित पोर्टल पर आवेदन और आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभाग द्वारा ई–मेल तथा हेल्पलाइन नंबर 0151–2220140 और 0141–2719073 उपलब्ध कराए गए हैं।

000

खैरथल–तिजारा जिले के भिवाड़ी में हाल ही में एक फैक्ट्री में लगी आग में मरने वाले सात लोगों के परिजनों को 21 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष से हर परिवार को तीन–तीन लाख रुपये दिये गये हैं। प्रशासन ने 48 घंटों में ही पीड़ितों के परिवारों के बैंक खातों में राशि भेजने की कार्रवाई की है।

000

वायु सेना का सूर्यकिरण और सारंग एरोबैटिक शो कल और 22 फरवरी को जयपुर के जलमहल की पाल पर आयोजित किया जाएगा। इस शो में सूर्यकिरण डिसप्ले टीम के विमान और सारंग डिस्पले टीम के हेलिकॉप्टर्स हिस्सा लेंगे। इस दौरान ट्राई कलर स्मोक का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

इन रोमांचकारी हवाई प्रदर्शनों से आम जनता को रूबरू कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। जल महल की पाल पर लगभग 50 हजार दर्शकों के लिए व्यवस्था की गई है। विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों से जुड़ना है।

000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में कल से तीन दिन का लोक कला संगम शुरू हो रहा है। इस आयोजन में प्रदेश की विभिन्न अंचलों के 400 से ज्यादा कलाकार 50 से अधिक लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे। पर्यटन विभाग और संस्कार भारती की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न अंचलों की लोक कलाओं, लोक नृत्य और संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। साथ ही, चौपाल कार्यक्रम में विभिन्न कलाओं पर विषय विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। सांस्कृतिक

प्रस्तुतियों के साथ शिल्पग्राम में कला और हस्तशिल्प की विशेष प्रदर्शनी भी लगेगी। आयोजन की अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक मधु भट्ट तैलंग ने आकाशवाणी को बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद नई पीढी को लोक कलाओं से परिचित कराना और उन्हें संरक्षित करना है।

000

प्रदेश में दो दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद आज मौसम खुल गया है। हालांकि सुबह के समय कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा, इससे दृश्यता बाधित हुई। बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। अलवर और सीकर के फतेहपुर में रात का तापमान सबसे कम 10 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच दिन मौसम सामान्य और शुष्क रहने की संभावना जताई है।

000

हनुमानगढ़ जिले में मातृ–शिशु स्वास्थ्य को मजबूत करने और गर्भवती महिलाओं को जागरुक करने के लिए चिकित्सा विभाग ने ''गर्भ की पाठशाला'' नाम से यूट्यूब चैनल शुरू किया है। निरामय राजस्थान के विजन को साकार करने की दिशा में ये पहल की गई है। इस चैनल पर जटिल मेडिकल शब्दों को सरल हिंदी भाषा में समझाया गया है।

000

उधर, डीग में आशा सहयोगिनियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आशा सहयोगिनियों को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं और अन्य उपयोगी जानकारी दी जा रही है।

000